Sc

[9/A-35]

No.of printed pages:2

SARDAR PATEL UNIVERSITY

F.Y.B.A (IInd Semester) EXAMINATION

Thursday 7th April 2016 10:30 Am To 01:30 Pm

HINDI LITERATURE

UA02CHLTO4 PAPER-IV हिन्दी कथा साहित्य उपन्यास

(आपका बंटी) Total Marks:70

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (किन्हीं तीन) (१५)

(क) "अरे हाथ पकड़कर निभाने की मर्दानगी जिनमें नहीं होती, वह ऐसे ही मर्दानगी दिखाते हैं। अनबन किसमें नहीं होती, तो क्या ब्याही औरत को यों छोड़ दिया जाता है?"

(ख) "इतने अपरिचितों के बीच जैसे वह अपने-आप से अपरिचित हो आया। बस, बार-बार नज़र पापा की ओर उठ जाती है। इतने नये चेहरों के बीच पापा का जाना पहचाना, परिचित चेहरा ही जैसे आश्वस्त करता है।"

(ग) "जवानी यों ही अन्धी होती है बहुजी, फिर बुढ़ापे में उठी हुई जवानी। महासत्यानाशी। साहब ने जो किया तो आपकी मिट्टी-पलीद हुई और अब आप जो कर रही हैं, इस बच्चे की मिट्टी-पलीद होगी। चेहरा देखा है बच्चे का? कैसा निकल आया है, जैसे रात-दिन घुलता रहता हो भीतर ही भीतर।"

(घ) "बात दूसरी नहीं है, बस, यह कहो कि बच्चा दूसरा है। अमि तुम्हारा बच्चा है, तुम उसके बारे में निर्णय ले सकते हो।"

(च) "हाँ, मिलता है सुख...जरूर करूंगा शर्मिन्दा। तुम नहीं कर रही हो मुझे शर्मिन्दा? यहाँ दूसरों के घर लाकर पटक दिया। 'अपना घर होगा', कोई नहीं है अपना घर? मैं नहीं रहता किसी के घर...।"

प्र.२ 'आपका बंटी' उपन्यास एक मनोवैज्ञानिक समस्या को लेकर लिखा गया है' - चर्चा कीजिए। (२०)

अथवा

प्र.२ टिप्पणी लिखिए।

(क) 'आपका बंटी' उपन्यास में दाम्पत्य जीवन में तनाव।

(ख) 'आपका बंटी' उपन्यास का उद्देश्य।

प्र.३ 'आपका बंटी' उपन्यास के आधार पर शकुन का चरित्र-चित्रण कीजिए। (२०)

अथवा

प्र.३ टिप्पणी लिखिए।

(क) 'आपका बंटी' उपन्यास का बंटी।

(ख) 'आपका बंटी' उपन्यास का शीर्षक।

प्र.४ (क) टिप्पणी लिखिए। (०८)

(१) 'आपका बंटी' उपन्यास का कथोपकथन।

अथवा

(१) 'आपका बंटी' उपन्यास टीटू।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्हीं सात) (०७)

(१) शकुन अजय के सारे लक्षण किसमें देखती है?

(२) मन्नू भंडारी का विवाह कब और किसके साथ होता है?

(३) शकुन बंटी को किसे पापा कहने के लिए कहती है?

(४) फूफी कौन है?

(५) 'आपका बंटी' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ?

(६) 'आपका बंटी' उपन्यास के पात्रों के नाम लिखिए।

(७) 'यही सच है' कहानी पर कौन-सी फिल्म बनी है?

(८) 'आपका बंटी' उपन्यास में सबसे ज्यादा दुर्दशा किसकी होती है?

(९) बंटी के मित्र का नाम लिखिए।

X=X=X
2